हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जुलाई 2024

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 नीट पेपर लीक के मामले पर ब्लॉक कांग्रेस ने किया...



08 'कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान...




### वर्ष 1973 की बाढ़ आपदा की पुनरावृत्ति से बचने के लिए प्रशासन की तैयारी

# नर्मदापुरम जिले के 15 ग्राम पंचायतों में बना रहता है बाढ़ आपदा का खतरा

**नर्मदापुरम जिले में नर्मदा, तवा एवं हथेड़ नदी के तट पर बसी 15 ग्राम पंचायतों में वर्षाकाल के दौरान बाढ़ आपदा का खतरा बना रहता है। बाढ़ के दौरान ग्रामीण अंचलों में बसे ग्रामीणों के सामने मुसीबत बनी रहती है। जिला प्रशासन ने बाढ़ आपदा से निपटने के लिए योजना तैयार की है।**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में बारिश के दौरान तीन नदियों जिसमें नर्मदा, तवा एवं हथेड़ नदी उफान पर हो जाती है जिससे हमेशा करीब 15 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अंचल प्रभावित होते हैं। इतना ही नहीं इन गांव में रहने वाले ग्रामीण और मवेशियों के सामने बाढ़ की मुसीबत खड़ी हो जाती है। बारिश आने के साथ ही ग्रामीणों की नजर नदियों के जल स्तर पर बनी रहती है। जिला प्रशासन के साथ साथ तहसील और जनपद पंचायतों में नदियों का पानी बढ़ने और उतरने की जानकारी के लिए लोग उतारू रहते हैं। नदियों का पानी बढ़ने के साथ ही लोगों को अपने घरों और मवेशियों को बचाने की चिंता बनी रहती है। इसी मुसीबत से निपटने के लिए एक ओर जहां तत्कालीन संभागायुक्त, कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने योजनाएं तैयार की है। पिछले दिनों तत्कालीन संभागायुक्त पवन सिंह ने संभाग के सभी कलेक्टरों को बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बेहतर योजनाएं बनाने के लिए निर्देशित किया है। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम बनाने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर सोनिया मीना ने भी होमगार्ड के जवानों के अलावा जिले के समस्त अधिकारियों से भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने और बैकवाटर से बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं पिछले दिनों नर्मदापुरम की जनपद पंचायत के सभागृह में एसडीएम नीता कोरी ने भी नर्मदा, तवा एवं हथेड़ नदी के किनारे बसे गांव में बाढ़ आपदा के दौरान सावधानी बरतने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने बैठक आहुत कर चुकी हैं। नर्मदापुरम जनपद पंचायत के सीईटो हेमंत सूत्रकार ने बताया कि जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अंतर्गत 15 ग्राम पंचायत आती हैं जिनमें करीब 15 ग्राम पंचायत में बाढ़ की संभावना बनी रहती है। जिसमें नर्मदा नदी के किनारे बसे गांव रायपुर, डोंगरवाड़ा, तालनगरी, रंढाल, खरखेड़ी एवं नानपा आते हैं। इसी तरह तवा नदी के किनारे ग्राम मेहराघाट, जासलपुर, निमसाड़िया, पाहनबर्री और हथेड़ नदी के किनारे ग्राम डोलरिया, आमूपुरा, रोझड़ा, बम्हनगांव कला एवं आंवरी ग्राम पंचायत के गांव आते हैं। उन्होंने बताया कि इन नदियों के किराने बसे ग्रामीण अंचलों को बाढ़ आपदा से बचाने के लिए योजनाएं तैयार की गई है तथा समस्त ग्राम पंचायत के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को बाढ़ आपदा की स्थिति निर्मित होने के पूर्व ही आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए हैं।

#### तीन जलाशयों के जल स्तर से आती है बाढ़

नर्मदापुरम जिले में तीन जलाशय जिसमें तवा, बरगी और बारना का पानी बांधों से छोड़ा जाता है तो हमेशा बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। गत वर्ष सरकार और जिला प्रशासन के साथ साथ बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति द्वारा बेहतर तालमेल के साथ बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कार्य किया गया था जिससे नर्मदा के घाटों तक ही जलस्तर बढ़ा था हालांकि निचले क्षेत्रों के गांवों में बाढ़ का पानी भर जाने के बावजूद भी किसी भी प्रकार की जन धन हानि की स्थिति पर काबू पाने में सफलता मिली थी।

#### बैकवाटर रहती है समस्या

नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर हमेशा छोटे बड़े नाले एवं नालियों का पानी अवरूद्ध होने के कारण तेज बारिश का पानी एवं सहायक नदियों से आने वाला पानी नर्मदापुरम वासियों के लिए समस्या बन जाता है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा वर्षाकाल के पूर्व ही नालों की साफ सफाई का काम होता है लेकिन इस बार नगर पालिका परिषद सभी नालों एवं नालियों की साफ सफाई का काम पूरा नहीं किया गया है। जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोग भयभीत हैं। हालांकि नगर पालिका प्रशासन द्वारा हाल ही में मीनाक्षी चौक स्थित पीलीखंती के पास नाले का निर्माण कार्य कराकर औपचारिकताएं की गई हैं। लेकिन छोटी बजरिया के पास नाले की पर्याप्त साफ सफाई नहीं होने से बैकवॉटर का पानी बगीचा एवं निचले क्षेत्रों में भरने की संभावना बनी हुई है। सीएमओ हेमेश्वरी पटले का कहना है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की जा रही है जिससे नागरिकों को बाढ़ आपदा जैसी स्थिति की समस्या से परेशान न होना पड़ेगा।

# नर्सिंग और पेपर लीक घोटाले के विरोध में कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

### तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर सोमवार को प्रदेश के सभी जिला में भाजपा सरकार की शिक्षा नीति, नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटाले को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन एवं तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के इस्तीफे की मांग करते हुये जिला कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को सौंपा। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के तत्वावधान में जिलाअध्यक्ष शिवाकांत पाण्डे गुड्डन और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय की अगुवाई में नर्मदापुरम पीपल चौक कलेक्टर कार्यालय के समीप प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति, नर्सिंग घोटोल सहित प्रदेश की भ्रष्ट सरकार और तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुये महामहिम के नाम नर्मदापुरम कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुतला दहन किया। गुड्डन पांडे व केलू उपाध्याय ने धरना-प्रदशर्न स्थल पर संबोधित करते कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को अंधेरे में धकेल रही है। प्रदेश में जिस प्रकार नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटाले सामने आ रहे हैं, उससे शिक्षा माफियाओं का घिनौना चेहरा उजागर हुआ है।

सत्तारूढ़ मंत्री और सरकार की कठपुतली बने चंद अधिकारियों को फायदा पहुंचाने का कृत्य किया गया। वहीं नर्सिंग घोटाला में प्रदेश का व्यापमं की तरह करोड़ों रूपयों का घोटाला सामने आया है। नर्सिंग कालेजों के नाम पर लीपापोती की गई, जहां कॉलेज नहीं वहां कॉलेज बताये गये, सैकड़ों कॉलेज बिना अनुमति के चल रहे हैं। नर्सिंग घोटाले में बड़े-बड़े अधिकारियों के नाम सामने आये हैं। लेकिन सरकार ने चुप्पी साध रखी है। सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करे और तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री को पद से तत्काल बर्खास्त करें। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, अनोखीलाल राजोरिया, अजय सैनी, चंद्रगोपाल मलैया, शैलेन्द्र तोमर, फैजान उलहक, भोला कलोसिया, धर्मेन्द्र तिवारी, महमूद खान, पवन पटेल, धीरज बहोत्रा आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# साढ़े 5 साल की बच्ची की करंट लगने से मौत

### आरोपी ने खेत में लगाया गया था करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भजियाढाना में एक साढ़े 5 साल की मासूम बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। मासूम बच्ची टॉयलेट करने घर के पीछे स्थित बाड़े में गई हुई थी। इस दौरान बाड़े में फैले करंट वाले तार के चपेट में आने से मासूम की मौत हुई। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने बिजली के अवैध तरह से तार डालने वाले आरोपी रामस्वरूप बेलवंशी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी रामस्वरूप बेलवंशी ने खंबे से अवैध तरीके से घर तक तार खींच कर बिजली जला रहा था। छगनलाल धुर्वे के बाड़े से तार जमीन से कम ऊंचाई पर होने से बच्ची इस तार की चपेट में आ गई। मासूम बिटिया घर के पीछे बाड़े में टॉयलेट करने गई हुई थी। बिजली का सप्लाई होने से बच्ची को करंट लगा। जिससे वो अचेत हो गई। परिजन उसे सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहाँ ड्यूटी डॉक्टरो ने मासूम को मृत घोषित किया कर दिया। आरोपी के खिलाफ 304 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया तथा 151 के तहत उसे जेल भेजा गया।

## एनईएस शिक्षा कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह

**नर्मदापुरम।** एनईएस शिक्षा महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्योत्सना खरे, महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ संजय गार्गव, पं. रामलाल शर्मा शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन तथा सरस्वती वंदना के साथ की गई। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ संजय गार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा की दीक्षारंभ समारोह नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिप्रेरणा कार्यक्रम है। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति और संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने, उन्हें व्यापक उद्देश्य, स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। इन्होंने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के एकेडमिक कैलेंडर की गतिविधियों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# जरूरतमंदों को जीवनदान देने के लिए रोटरी क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




रोटरी क्लब के नए सत्र की शुरुआत सोमवार को इनरव्हील क्लब, पर्यावरण टोली एवं जिला रेडक्रास समिति के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान से की गई। शिविर का शुभारंभ पीयूष शर्मा द्वारा नर्मदा महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। डॉ.रविकांत शर्मा द्वारा रक्तदान के विषय में जानकारी देकर सबको रक्तदान करने के लिये प्रेरित किया गया। शिविर में 10 लोगो द्वारा रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष शील सोनी, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, पर्यावरण टोली की अध्यक्ष चित्रा हर्णे तथा रोटरी क्लब के सदस्य विकास अग्रवाल, राजीव जैन, नरेंद्र गोयल, मनीष गुप्ता, आशीष अग्रवाल, आशीष गुप्ता, इनरव्हील क्लब से वंदना समैया, अंजू गुप्ता, निधि जैन, रितु जैन उपस्तिथ रहे। विशेष सहयोग जिला रेडक्रास समिति के सदस्य उदित द्विवेदी, केशव साहू, नीरजा फौजदार, गजिला रक्तकोष, जिला चिकित्सालय से डॉ. रविकांत शर्मा, शेरसिंह बड़कुर, पंकज शर्मा, धीरज मंडलोई, अनिता केवट एवं हेमलता विनोदिया से प्राप्त हुआ। सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा नर्मदा महाविद्यालय के प्राचार्य एएन चौबे एवं अन्य प्रध्यापको का शिविर के आयोजन में सहयोग देने पर आभार प्रदर्शित किया।

# समेरिटंस स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के सिवनी मालवा में समेरिटंस स्कूल की शाखा का विधिवत शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य योगेश रिछारिया और शिक्षकों ने मंगल तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया। उन्हें अल्पाहार दिया गया। इस बारे में ग्रुप के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने बताया कि यह ग्रुप की आठवीं शाखा है। इसके पहले पिछले सत्र में इटारसी में स्कूल प्रारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा वि संस्कार देना है। इसके लिए हमारे प्रयास सतत जारी रहेंगे। इस मौके पर अभिभावक भी उपस्थित रहे।

अभिभावकों का कहना था कि हमे विश्वास है कि अपनी प्रतिष्ठा के अनुसार समेरिटंस ग्रुप यहां भी बच्चों को शिक्षा के साथ सनातन संस्कार देने में सफल होगा। उन्होंने विद्यालय प्रारंभ पर विद्यालय परिसर को शुभकामनाएं दीं।

# कलाकारों ने दी संगीतकार राहुलदेव बर्मन एवं मदनमोहन को स्वरांजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

म्यूज़िक ज़ोन संगीत समूह द्वारा हिंदी फिल्मों के सुप्रसिद्ध संगीतकार राहुल देव बर्मन व मदनमोहन के जन्म दिवस पर उनके अविस्मरणीय गीतों की प्रस्तुति इंग्लिश ज़ोन, मोरछली चौक सभागार में आयोजित कार्यक्रम ये दोस्ती दिल ढूँढता है संगीत साधकों ने दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. वैभव शर्मा, संगीतकार राम परसाई, डॉ नमन तिवारी व जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार, इटारसी से पधारे भारत भूषण गांधी ने मां सरस्वती के चित्र पर मंत्रोच्चार के बीच पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया। ततपश्चात सुप्रसिद्ध गायक, संगीतकार डॉ नमन तिवारी ने बड़े अच्छे लगते हैं, लग जा गले, ये दुनिया ये महफिल, गुलाबी आंखें, चला जाता हूँ किसी की धुन में और श्रोताओं की विशेष फरमाइश पर डोली में बिठाइके कहार गीत गाए। असीम विश्वास ने मुसाफिर हूँ यारो, दिल ढूँढता है, चिंगारी कोई भड़के,आज उनसे पहली, जाने क्या सोचकर नही गुज़रा जैसे अमर गीत गाये। कार्यक्रम के सूत्रधार सईद क़ुरैशी ने सुहानी चांदनी रातें, आपके पहलू में आके, हेमन्त सूत्रकार ने मेरी भीगी भीगी सी, रात कली इक ख्वाब में आई, बृजभूषण गांधी ने कभी न कभी कहीं न कहीं, प्रतीक द्विवेदी ने रोज़ रोज़ आंखों तले, कुछ न कहो,अभिलाष दुबे ने पर्वत के पीछे, कुछ लोग मोहब्बत करके, सूरज तलरेजा ने दीवाना मुझसा नहीं, मेरी निगाहें, संतोष वर्मा ने होगा तुमसे प्यारा कौन, ये शाम मस्तानी, संयम बिल्लोरे ने आने वाला पल, किशोर मलोसे ने वादियां मेरा दामन, यम्मा यम्मा, प्रकाश आहूजा ने राही था मैं आवारा, कमल झा ने ओ हंसिनी जैसे गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

कार्यक्रम की अंतिम पेशकश फ़िल्म सत्ते पे सत्ता का गाना 'प्यार हमें किस मोड़ पे ले आया' डॉ नमन तिवारी और असीम विस्वास ने युगल स्वरों में गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर वैभव शर्मा ने बेक़रार करके हमें यूँ न जाइये गाकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। इस अवसर पर डॉ संतोष व्यास, मुन्नु दुबे, डॉ. विजय महंत, राजेन्द्र मिश्रा, सुरेश राजपूत, जमील खान, शेरसिंह बाघमारे, राधेश्याम यादव, योगेश यादव व इंग्लिश जोन कोचिंग के विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। ज्यूरी की सहमति से नवोदित कलाकारों हेतु परफॉर्मर ऑफ़ द डे का खिताब प्रतीक द्विवेदी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन सईद क़ुरैशी ने किया। आभार बलराम सेन ने व्यक्त किया।

### स्वर्णकार युवा क्रांति मंच का आयोजन में काव्य गोष्ठी हुई

# सामाजिक सदस्यों ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




स्वर्णकार युवा क्रांति मंच ने अपना 7 वां स्थापना दिवस सौल्लास मनाया।इस अवसर पर छाया दार, फलदार एवं फूल दार पौधों का रोपण सेठा कैंसर अस्पताल में कर मनाया। इस अवसर पर स्वर्णकार युवा क्रांति मंच के संचालक-संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुमार सोनी का जन्म दिवस भी मनाया। उन्हें कार्यक्रम में पधारे अतिथि गण सहित समस्त आगंतुकों व स्वर्णकार युवा क्रांति मंच परिवार मध्यप्रदेश ने सर्व स्वर्णकार समाज की ओर से भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्वर्णकार युवा क्रांति के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं ज़िला अध्यक्ष शिवानंद सोनी ने बताया कि स्वर्णकार युवा क्रांति मंच ने अपना सातवां स्थापना दिवस 29 जून को मनाया। इस अवसर पर मंच ने ज़िले की सर्व सुविधायुक्त सेठा कैंसर अस्पताल में पौधा रोपण किया। जिनमें फलदार, छाया दार एवं फूल दार पौधों का रोपण किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अस्पताल के संचालक संस्थापक डॉ.अतुल सेठा थे। उन्हें इस अवसर पर मंच की ओर से गौरव पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी कई पुरस्कार प्राप्त नीरजा सत्येन्द्र फौजदार भी विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थी। मीडिया प्रभारी सोनी ने बताया कि स्थापना दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुमार सोनी, प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सोनी विदिशा के दिशा-निर्देश अनुसार मनाया। इस अवसर पर मंच ने स्वास्थ्य पर नशा का दुष्प्रभाव विषय पर विचार संगोष्ठी, प्रतिभाओं का सम्मान, पौधरोपण, साहित्यिक आयोजन कविगोष्ठी की गई। इस कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान अंतर्गत वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सा के क्षेत्र में वरिष्ठ डॉक्टर अतुल सेठा, समाज सेवा के क्षेत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक रामशंकर सोनी, लल्ला सोनी, श्याम सोनी को गौरव पत्र से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में सामाजिक गण, वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार उपस्थिति हुए। कार्यक्रम में डॉ.अतुल सेठा, नीरज सत्येंद्र फौजदार, वरिष्ठ समाजसेवी रामशंकर सोनी, रमेश लल्ला सोनी, श्याम सोनी,नमन सोनी, सृष्टि सोनी, साधना सोनी, प्रभु स्वामी उपस्थित होकर विशेष योगदान दे कर सहयोग प्रदान किया। गिरिमोहन गुरु वरिष्ठ साहित्यकार, सुभाष भारती यादव, ओज कवि महेंद्र बिद्रोही सहित मीडिया प्रभारी शिवानन्द सोनी ने भी कवि गोष्ठी में कविता पाठ किया व संगोष्ठी में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी सोनी ने तथा आभार लल्ला सोनी ने व्यक्त किया।

### राष्ट्रपति के नाम एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

# नीट पेपर लीक के मामले पर ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारनी



सोमवार को सारनी ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी के माध्यम से देश में नीट जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा जिसके आधार पर योग्यताओं के अनुरूप प्रमुख चिकित्सा पाठ्यक्रम संस्थानों में प्रवेश लिया जाता है जिसके फल स्वरुप योग चिकित्साओं की खोज करते हुए सभी अच्छे स्वास्थ्य लाभ की अपेक्षा करते हैं लेकिन प्रदेश सरकार की निष्क्रियता की वजह से नीट जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक हो जाने के कारण प्रतिभागियों का भविष्य खतरे में आ गया है।

इसे देखते हुए सारनी ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम सारनी एसडीओपी को ज्ञापन देकर शिक्षा मंत्री के माध्यम से अपने पद से त्यागपत्र दिए जाने की मांग की गई है। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान ने बताया कि हमारे देश में चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप मानकर आंख बंद करके उन पर विश्वास जताया जाता है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इन इस गरीब विरोधी सरकार के कार्यकाल में देशद्रोही अवांछित तत्वों के माध्यम से अयोग्य व्यक्तियों को कुप्रबंध नीतियों और अपारदर्शिता के दम पर आगे बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में हम सोच सकते हैं कि इस प्रकार के अयोग्य लोग पेपर लीक में उत्तीर्ण होकर ऐसे संस्थानों में पहुंचकर किस प्रकार और कि दर्जे के चिकित्सा बन पाएंगे यह सिर्फ हमारी राष्ट्रीयता से जुड़ा मुद्दा नहीं अपितु हमारे जान माल हमारे जीवन से संबंधित गंभीर मुद्दा है इस प्रकार के अनैतिक कृत्य में संलग्न एक-एक दोषियों को सामने लाकर देशद्रोही जैसा संगीनअपराध भी घोषित किया जाना चाहिए। चौहान ने आरोप लगाते हुए बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा जनविश्वास चुनाव से तत्काल बाद से ही खोना शुरू कर दिया है।लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में हमारे देश में शुरू से विपक्ष को आलोचकता का माध्यम माना जाता है पर जिस तरह से उस लोकतंत्र के मंदिर में विपक्ष की आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही विधानसभा में ऐसे गंभीर मुद्दों पर भी अपनी आलोचना को बर्दाश्त नहीं किया जा रहा है पेपर लीक मामले में जिम्मेदार शिक्षा मंत्री सदन में कुछ बोलने तक के को तैयार नहीं है ऐसे में नैतिकता के आधार पर शिक्षा मंत्री को इस्तीफा दिया जाना चाहिए। रकांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष किशोर चौहान, वसीम खान, मोहम्मद ताहिर, पिंटीश नागले, बंटी कारोसीया, सुनील भलावी, मुन्नालाल कपासे, कमलेश दुबे, रामआश्रय वर्मा, राम रतन यादव, दीपक ठाकरे, जुबैद खान, सीएम बेले, मोहम्मद आशिक अली उपस्थित रहे।

### नई व्यवस्था में अब ज्यादा परेशानी होती है या कम यह समय ही बताएगा

# बैतूल जिले की महाराष्ट्र सीमा पर काम कर रहे 4 प्रमुख जांच नाकों पर ताला पड़ गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

भ्रष्टाचार की पर्याय बनी अंतरराज्यीय सीमाओं पर बनी परिवहन जांच चौकियों के रात 12 बजे से बंद कर दिए जाने से खास तौर पर भारवाहक वाहन चालकों और बड़े यात्री वाहन के चालकों ने राहत की सांस ली है। हालाकि उन्हें अब भी संशय है कि आगे क्या व्यवस्थाएं होंगी और उनमें किस तरह के बदलाव होंगे। वे इसे मानव रहित किए जाने की हिमायत कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश सरकार के परिवहन जांच चोकियों को खत्म करते ही बैतूल जिले की महाराष्ट्र सीमा पर काम कर रहे चार प्रमुख जांच नाकों पर अब ताला पड़ गया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि अब इन मार्गों से गुजरने वाले भारवाहक और यात्री वाहन फर्राटे भरते निकल रहे हैं। पहले इन वाहनों को यहां कागजात की जांच से लेकर वजन और अन्य मापदंडों की जांच कराना होता था। लेकिन सरकार ने रात 12 बजे से इसे बंद कर दिया है। आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के जिलाध्यक्ष सूरज दुबे के मुताबिक पहले भी प्रदेश में 56 प्वाइंट में वसूली होती थी। नई व्यवस्था में अब ज्यादा परेशानी होती है या कम यह समय ही बताएगा। वैसे इस व्यवस्था को मानव रहित बनाना चाहिए। इससे भ्रष्टाचार तभी खत्म होगा। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष संजू राठौर कहते हैं कि फिलहाल तो इन चेक पोस्ट को बंद किए जाने से फौरी राहत है। गाड़ी आ रही, जा रही पर आगे क्या होगा। इस पर संशय है। बताया जा रहा है कि अब होम गार्ड सैनिक तैनात किए जाएंगे। मतलब पैटर्न वही पुराना रहेगा।

#### बैतूल में थे चार बैरियर

बैतूल जिले में महाराष्ट्र स्थित अंतरराज्यीय सीमाओं पर परिवहन विभाग ने चार चेक पोस्ट बनाए हुए थे। यहां सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट ससुंद्रा में बनाया गया था। जहां परिवहन, वाणिज्य, मंडी और वन विभाग के कर्मचारी बैठकर आने-जाने वाले वाहनों के कागजात और अन्य जांच करते थे। मुख्य तौर पर यहां पर परिवहन विभाग के कर्मचारी वाहनों के दस्तावेज और उनके ओवरलोड होने की जांच करते थे। ससुंद्रा में 5 फरवरी 2011 को यह इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट शुरू किया गया था। इसके अलावा जिले में महाराष्ट्र सीमा पर गुदगांव और प्रभात पट्टन में भी चेक पोस्ट बनाए गए थे। जबकि नागपुर मार्ग पर चिखली में एक जांच चौकी स्थापित की गई थी। यहां से आने-जाने वाले भार वाहक वाहनों और यात्री वाहनों की जांच की जाती थी। ससुंद्रा में बनाए गए इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पर परिवहन विभाग ने निरीक्षक समेत करीब 13 कर्मचारियों को नियुक्त किया हुआ था। जबकि यहां अल्ट्रा वैक्स नाम की एक कंपनी को भार वाहक वाहनों की जांच की जिम्मेदारी दी गई थी। इस कंपनी के कर्मचारी यहां कागजात और वाहनों के लोड की जांच करते थे।

#### नवीन बनेगी व्यवस्था

नई व्यवस्था के तहत रोड सेफ्टी एंड इंफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। पहले चरण में 45 चेक पाइंट बनाए जाएंगे। इनके तैयार होने तक मोबाइल यूनिट गठित कर वाहनों की जांच की जाएगी। सरकार ने रविवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल, प्रदेश में संचालित फळड चेक पोस्ट पर लगातार गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद सरकार ने इन्हें बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद रविवार को परिवहन विभाग ने इसके आदेश जारी किए हैं। उधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस नई व्यवस्था की जानकारी देकर इसका पालन कराने के लिए कहा है।

#### कर्मचारी असमंजस में

फिलहाल सरकार द्वारा बंद की गई पुरानी व्यवस्था से निजी कंपनी के कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। जबकि चेक पोस्ट पर तैनात परिवहन विभाग के कर्मचारी असमंजस में हैं कि उन्हें अब आखिर क्या करना है। एक कर्मचारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि जिस तरह कम स्टाफ में भी इन चेक पोस्ट पर काम निपटा लिए जाते थे। अब सड़क पर ऐसा नहीं हो सकेगा। अगर जल्दी अमला तैयार होता है, भर्ती की जाती है तो ठीक, वरना कम स्टाफ में रोड पर काम नहीं कर सकेंगे।

### कथावाचक पंडित मिश्रा के खिलाफ थाने पहुंचे ब्राह्मण समाज के लोग

# सद्बुद्धि के लिए मां ताप्ती के चरणों में अर्पित की शिकायत





**मुलताई।** प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मां ताप्ती को लेकर दिए गए बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज ताप्ती पवित्र नगरी के ब्राह्मण और ताप्ती भक्तों ने थाना पहुंचकर पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ आवेदन सौपा ।

रैली के शक्ल में थाना पहुंचने से पहले ब्राह्मण समाज सहित ताप्ती भक्तों ने मां ताप्ती के मंदिर में पूजा अर्चना कर मां ताप्ती के चरणों में एक ज्ञापन की प्रति अर्पित की। इसके बाद मुलताई थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौपा जिसमें कहा गया है कि एक विडीयो के माध्यम से प्रख्यात कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा माँ ताप्ती और माता यमुना के विवाद के प्रसंग की कथा सुनाई गई जिसमें माँ ताप्ती के भगवान श्री कृष्ण पर मोहित होने की तथा यमुना के द्वारा माँ ताप्ती को श्राप देने की बात प्रदीप मिश्रा जी द्वारा कही गई है। जो किस आधार पर कही गई इसका कहीं शास्त्र में प्रमाण उपलब्ध नहीं है। ताप्ती ग्रन्थावली एवं अन्य पुराण जिसमें मॉ ताप्ती की जानकारी उपलब्ध है। उसमें इस प्रकार का कहीं भी उल्लेख प्राप्त नहीं है। जिसके कारण ऐसी असत्य बातों के कारण ताप्ती भक्तों को अत्यन्त पीड़ा महसूस हो रही है। इधर मुलताई के पंडितों ने अल्टीमेटम दिया है कि यदि पंडित प्रदीप मिश्रा मुलताई आकर क्षमा याचना नहीं करेंगे तो वह लोग सीहोर जाकर कुंडेश्वर धाम में पंडित जी से मुलाकात करेंगे और उन्हें गलती का एहसास करवाएंगे।

मुलताई के पंडित सौरभ जोशी, प्रवीण जोशी, विश्वकसेन देशमुख, सौरभ धर्माधिकारी,रिंकू परिहार, घनश्याम सोनी सहित दर्जनो लोग पहले ताप्ती मंदिर पहुंचे। यहां पर पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर उनकी निंदा की गई और उसके बाद एक ज्ञापन की प्रति मां ताप्ती को सौंपकर प्रार्थना कि की मां ताप्ती पंडित मिश्रा को सद्बुद्धि प्रदान करें। इसके बाद सभी लोग जुलूस की शक्ल में मुलताई के थाना पहुंचे। जहा उन्होंने थाना प्रभारी ज्ञापन सौपा। पंडित प्रवीण जोशी ने बताया कि यदि पंडित प्रदीप मिश्रा ताप्ती जल में स्नान कर क्षमा याचना नहीं करेंगे तो यहां से पंडितों का जत्था सीहोर कुबरेश्वर धाम जाएगा।

# भारतीय न्याय साहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम को लेकर किया संवाद

### इन कानूनों के बाद अब अपराधियों का बचाना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारनी



एक जुलाई से लागू हुए तीन नए कानून को लेकर सारनी के नया समाज कल्याण केंद्र में सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन की उपस्थित मे जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यह कानून लागू हुआ है, उन्होंने उपस्थित अतिथियों को बताया कि इन कानून ने में भारतीय दंड संहिता आईपीसी 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता सीआरपीसी 1898 और 1973 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1972 की जगह लेने का कार्य किया है।

थाना प्रभारी अरविंद कमरे ने बताया कि नए कानून में महिलाओं के खिलाफ अपराध के पीड़ितों को 90 दिनों के भीतर अपने मामले पर नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा साथ ही सभी अस्पतालों को महिला और बच्चों से जुड़े अपराध के मामले में मुक्त इलाज करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय साहिता को लेकर 24 वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना सारनी अंतर्गत श्रम कल्याण केंद्र में नवीन कानून लागू होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवम भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तथा महिला एवं बच्चों संबंधी अपराध,यातायात नियम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और लोगों से इस संबंध में लोगो से विचारों का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सारनी एसडीओपी रोशन जैन,थाना स्टाफ,नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया,पत्रकार बंधुगण, जनप्रतिनिधि, नए कानून के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।

### खबर संक्षेप

#### बगडोना बाजार में मवेशी से हो रही दुर्घटनाएं



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी का मुख्य बाजार बगडोना होने की वजह से शाम के समय यह बाजार मे भीड़ भाड से भरा रहता है लेकिन बारिश हो जाने के कारण आवारा मवेशी मुख्य मार्ग पर खड़े रहते हैं जिसकी वजह से दुर्घटना होने की संभावना से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। मिनी हाईवे बैतूल से परासिया तक होने की वजह से इस तरह का नजारा काली माई,शोभापुर,सारनी, घोड़ाडोगरी,रानीपुर मोड़ पर आसानी के साथ देखा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्गों पर आवर मवेशियों की संख्या कम रहती है। लेकिन शहरी क्षेत्र में आवारा मवेशियों की संख्या ज्यादा होती है ऐसी स्थिति में क्षेत्र के व्यापारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य निरीक्षक से मांग की है की मुख्य मार्ग पर आवारा घूमने वाले मवेशियों की धर पकड़ कर के कांजी हाउस में ले जाया जाए जिससे मुख्य मार्ग पर होने वाले संभावित गंभीर दुर्घटना को रोका जा सकता है।

#### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तीन को आएंगे

**सारनी।** कैप्टन (आई.एन.) सुमीत सिंह (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तीन जुलाई को सारनी दौरे पर रहेगे। इस दौरान श्री सिंह सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक नगर पालिका के सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने घोड़ाडोंगरी, सारनी में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों की पत्नियों से यथा समय उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# नपा में ताप्ती जन्मोत्सव मनाने की तैयारी को लेकर हुई चर्चा, ड्राय डे घोषित करने की मांग

### परिक्रमा मार्ग के आसपास चिकित्सा टीम को भी नियुक्त किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुलताई




ताप्ती जन्म उत्सव को लेकर नगर पालिका सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर ने कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर ताप्ती जन्म 13 जुलाई पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह करते हुए उस दिन मुलताई में ड्राय डे घोषित करने की मांग की।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस बार ताप्ती जन्मोत्सव पर परिक्रमा मार्ग के आसपास चिकित्सा टीम को भी नियुक्त किया जाएगा जो लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी करेगी। इस बार प्लास्टिक मुक्त भंडारे किए जाएंगे और व्यवस्थित पार्किंग भी बनाई जा रही है।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष सहित एसडीएम अनीता पटेल, तहसीलदार अनामिका सिंह, टीआई राजेश सातनकर, सीएमओ आरके इवनाती सहित नगर के लोग शामिल हुए थे। बैठक में ताप्ती भक्त अजय शिवहरे ने मांग रखी कि आवारा मवेशियों और कुत्तों को पकड़ा जाएं। इस बार विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।वही बड़े वाहनों को नगर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बैठक में सभापति रितेश विश्वकर्मा ने टीआई से मांग की है कि उस दिन भीड़ रहेगी तो लोगो की जेब ना कटे और चेन स्नेचिंग न हो। टीआई ने कहा कि उस दिन बाहर से आने वालो से पूछताछ और जांच की जाएगी।

## हिट एंड रन केस में मृतक के परिवार को 2 लाख मुआवजा

**सारनी।** भारत सरकार द्वारा हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। हिट एंड रन प्रकरणों में आरोपी अज्ञात होता है। इस योजना के अंतर्गत मोटर यान दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को 50 हजार रुपए एवं मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए पीड़ित के विधिक प्रतिनिधि को दिए जाने का प्रावधान किया गया है।कलेक्टर के हस्ताक्षर से इस आशय के आदेश में हिट एंड रन के प्रकरणों में दावों को निपटाने के लिए समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष दावा निपटान आयुक्त के रूप में कलेक्टर होंगे। जांच अधिकारी क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार होंगे जो प्रकरण को अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से समिति के समक्ष प्रकरण को प्रस्तुत करेगे।समिति सदस्य के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला परिवहन अधिकारी, सडक्र सुरक्षा से जुड़ा स्वैच्छिक संगठन का सदस्य या आम प्रतिनिधि एवं सामान्य बीमा काउंसिल द्वारा नामांकन अधिकारी या भारतीय जीवन बीमा निगम का जिला प्रबंधक मनोनीत किए गए है।

### कुल्हाड़ी से हमला कर महिला की हत्या

# नाली से पानी निकासी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶बैतूल

बैतूल कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सेलगांव में रविवार को नाली से पानी निकासी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस विवाद में लाठी और कुल्हाड़ी जमकर चली। विवाद में तीन लोग जख्मी हो गए थे। जिसमें से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतिका महिला का पति और सांस गंभीर रूप से घायल है। पति की हालत नाजुक होने के कारण उसे निजी अस्पताल भर्ती किया है। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि संतोष उईके और किशन उईके के बीच नाली से पानी निकासी को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। एक दूसरे पर लाठियों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस विवाद में चम्पा उईके (40) और पति संतोष उईके तथा सास सोमता बाई उईके को कुल्हाड़ी लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रविवार शाम को जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर घायल चम्पा बाई की जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था, जिसे उपचार के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल ले जाते समय रास्ते में भौंरा के पास महिला की मौत हो गई। मृतिका के पति की हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी अस्पताल भर्ती किया है। सास सोमती बाई का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### एक घंटे की बारिश से नदी-नाले उफने

# कभी रुक-रुककर तो कभी चला तेज बारिश का दौर, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



जिले में रविवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शाम को झमाझम बारिश का दौर चला, जो देर शाम तक जारी रहा। मौसम विभाग अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह बारिश का दौर जारी रहेगा।

रविवार को रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। ज्ञात रहे कि सुबह से आसमान पर बादल छाए हुए थे, कभी धूप कभी छांव की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन दोपहर बाद काफी देर तक बारिश होती रही। इसके बाद शाम करीब पांच बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया।

**पूरे जिले में समय पर सक्रिय हुआ मानसून :** जानकारी के अनुसार इस साल सीहोर जिले में मानसून ने निर्धारित समय पर ही दस्तक दी है। लेकिन अब मानसून की सक्रियता भी नजर आने लगी है। रविवार को जिले के अधिकांश स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। दोपहर बाद आसमान पर काले और घने बादल छा गए। जिससे दिन में भी अंधेरा जैसा होने लगा था, उसके बाद बादल जमकर बरसे और लगातार रुक-रुक कर बारिश का दौर चलता रहा।

#### कहां-कितनी बारिश हुई

जिले में बीते 24 घंटे मे 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 11.1 मिलीमीटर, श्यामपुर में 32, आष्टा में 8, जावर में 2.3, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 16, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से अब तक 138.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 153.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार अब तक जिले के वर्षामापी केंद्र सीहोर में 191.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 165, आष्टा में 94, जावर में 124.8, इछावर में 253, भैरूंदा में 96, बुधनी में 79 तथा रेहटी में 102.2 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है।

# अमरगढ़ वाटरफाल में डूबने से युवक की मौत

### दोस्तों के साथ आया था पिकनिक मनाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



जिले के शाहगंज बुधनी क्षेत्र के अमरगढ़ वाटर फॉल में डूबकर एक युवक की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने आज 12 घंटे बाद रेस्क्यू में शव को बाहर निकाला। युवक दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए आया था। इस दौरान वह वाटर फॉल में डूब गया था। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बुदनी अस्पताल भेज दिया गया है। दरअसल मामला 29 जून शनिवार का है। उज्जैन निवासी 21 वर्षीय यक्षेश गहलोत अपने दोस्तों के साथ शाहगंज थाना क्षेत्र के अमरगढ़ वाटरफॉल में पिकनिक के लिए आया था। वाटर फॉल में नहाते समय उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद एसडीआरएफ की टीम युवक को खोजने में लगी हुई थी। आज करीब 12 घंटे बाद युवक को रेस्क्यू कर निकाल लिया गया है।

**पहले भी हो चुकी है मौत :** अमरगढ़ वाटर फॉल पर आए दिन लोगों की डूबकर मौत हो चुकी है। इसलिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने इस क्षेत्र में लोगों के आने पर प्रतिबंध लगाकर रखा है। उसके बाद भी लोग दूसरे रास्तों से छिपकर यहां पर पहुंच जाते हैं।

**भोपाल-इंदौर हाईवे पर पलटी कार :** रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे भोपाल-इंदौर हाईवे पर आईईएस स्कूल के सामने तेज रफ्तार कार के सामने एक कुत्ता आ गया। चालक ने उसे बचाने के लिए स्टेयरिंग घुमाया जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ते हुए पलट गई। हालांकि इस हादसे में कार में सवार लोगों को अधिक चोट नहीं आई है। जानकारी के अनुसार भोपाल से इंदौर की ओर जा रही कार हादसे का शिकार हुई है।

# बेटी गरिमा कृष्णानी ने छोटे पर्दे पर किया शहर को गौरांवित

## सुहागन और बिंदिया सीरियल में अभिनय कर सोहागपुर की कीर्ति देश विदेश में फैलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

संघर्ष और समर्पण के तालमेल से मंजिल पाने की चाह रखने वालों की कभी हार नही होती है। उपरोक्त वाक्य को चरित्रार्थ करने वाली सोहागपुर नगर की बेटी अब टीवी सीरियलों में अभिनय करके खुद, परिवार और नगर का नाम रोशन कर रही है। बहु प्रतिभा की धनी गरिमा कृष्णानी की ख्याति की चर्चाएं सिर्फ सोहागपुर में ही नही अब टीवी की दुनिया में भी होने लगी हैं क्योंकि वह अपने छोटे से कैरियर में अपने हुनर से सबको अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं ।

हाल ही में नगर आगमन के बाद कल सत्र आरंभ के शुभ अवसर पर सोहागपुर शहर के गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में गरिमा कृष्णानी को स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत कार्यक्रम रखा गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राओं और शिक्षको द्वारा प्रवेश द्वार पर तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

तदोपरांत मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए गरिमा कृष्णानी द्वारा उनके अनुभव छात्राओं द्वारा सुनाए गए जिसमे एक वाक्या सुनकर सब दंग रह गए। 2017 के विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बेटी गरिमा द्वारा नृत्य किया गया जो कि सबको बहुत भाया था तब स्कूल संचालकों अभिनय सोनी और कीर्ति दुबे द्वारा बोला गया था कि तुम बहुत ऊपर तक जाओगी और शहर का नाम रोशन करोग। उपरोक्त वाक्य बोलने के बाद शायद सब भूल गए होंगे लेकिन कल कार्यक्रम के दौरान उक्त वाक्य को जब याद किया गया तो सबके आश्चर्य चकित होते हुए हर्षित हुए कि इंसान की जुबान कभी ना कभी फली भूत हो ही जाती है। इसी दौरान स्कूल कार्यक्रम में पहुंचे संदीप चतुर्वेदी ने उक्त वाक्य सुनकर बच्चों और छात्रों से कहा कि मैं यहां से एक बात सीखकर जा रहा हूं कि कभी किसी के बारे में बुरा नही बोलना चाहिए उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार आपके स्कूल के संचालक अभिनय सोनी और कीर्ति दुबे सर ने बेटी गरिमा के लिए शुभ कामनाएं दी थी और फलीभूत हुई है उसी प्रकार हमे समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की दुआ करनी चाहिए।



### संघर्ष और समर्पण आपको मंजिल दिला के रहेगा: गरिमा कृष्णानी

गरिमा कृष्णानी सामान्य परिवार से संबंध रखती हैं उनके पिता नानकराम कृष्णानी व्यवसायी मां वंदना कृष्णानी गृहणी हैं । मां के सपनो को पूरा करने के लिए गरिमा ने कड़ा संघर्ष करते हुए यह मुकाम हासिल किया है । उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह 18 घंटे काम करती है और बचपन से आज तक अपने कैरियर को लेकर संघर्ष पूरे समर्पण के साथ कर रही हैं , उन्होंने कहा कि जीवन के अंतिम पड़ाव तक संघर्ष इंसान के जीवन में बना रहता है । इंसान को संघर्ष और कड़ी मेहनत से कभी नही हारना चाहिए यही आपका जीवन निखारता है । उन्होंने स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की कि उन्हें याद किया और सम्मान दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सैय्यद शाहीन ने किया।

---

## पुलिस ने नए कानून समझाने किया संगोष्ठी का आयोजन

# दंड बना इतिहास,अब होगा न्याय

**सरकार द्वारा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए नए कानून लागू किए गए हैं। नए कानूनों से नागरिकों को जागरूक करने के लिए सोमवार को थाने में संगोष्ठि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी महेन्द्र चौहान ने उपस्थित नागरिकों को नए कानून से अवगत कराया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश में अंग्रेजों के जमाने में बने कानून एक जुलाई यानी सोमवार से बदल गए। सोमवार को इटारसी थाने में नए कानून के तहत मारपीट का मामला भी दर्ज किया। नए कानून को आमजनों को आसानी ने समझाने सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें न्याय पालिका से जुड़े अतिथियों ने आमजनों और बच्चों को बेहतर तरीके से कानून की जानकारी दी।

विदित हो कि देशभर में एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) व दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आइइए) की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में कार्रवाई होने लगी। पुलिस कम्युनिटी हॉल में आयोजित संगोष्ठी में नए कानून कि जानकारी दी गईं। एसडीओपी महेन्द्र चौहान ने बताया कि देश में नए कानून लागू हो गए हैं। पुलिस विभाग इन कानूनों की तैयारी तीन महीने पहले से कर रहा है। अब इन कानूनों के तहत ही थानों में मामले दर्ज होंगे। इटारसी थाने में एक जुलाई को नए कानून के तहत ही मामला दर्ज हुआ।




### ई-एफआईआर की जानकारी दी

पुलिस कम्युनिटी हॉल में आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए अतिथियों ने नए कानून कि बारीकी से जानकारी दी। अतिथियों ने ई-एफआईआर कि भी जानकारी दी। अब थानों पर ई-मेल, वाट्सऐप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कोई सूचना मिलती है और वह गंभीर है, तो पुलिस खुद सूचना देने वाले से संपर्क कर अग्रिम कार्रवाई करेगी। यदि मामला सामान्य है तो सूचना देने वाले को तीन दिन के अंदर थाने में उपस्थित होकर हस्ताक्षर करने होंगे। साथ ही बताया कि अभी शुरुआत में कई कमियां सामने आएंगी, जिन्हें धीरे-धीरे दूर किया जाएगा। अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी हरिशंकर यादव ने बताया कि यह कानून महिला और बच्चों को प्राथमिकता देगा। अब दंड सिद्धांत नहीं न्याय सिद्धांत होगा। वहीं अधिवक्ता संघ इटारसी के अध्यक्ष संतोष गुरयानी ने नए कानून को आमजनों को समझाया। अतिरिक्त लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित करते हुए नए कानून में धाराओं में परिवर्तन व संसोधन किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार सुनीता साहनी और नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने भी नए कानून की जानकारी दी। नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने भी नए कानून की जानकारी दी। आभार टीआई गौरव बुंदेला ने व्यक्त किया।

संगोष्ठी में सीएमओ ऋतु मेहरा, बार एसोशियन सचिव पारस जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वर्धमान स्कूल के विद्यार्थी, पार्षद, पूर्व पार्षद एवं विभिन्न पार्टी के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

### नए कानून के तहत सिटी पुलिस थाने में पहला मामला दर्ज

सोमवार 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता में नये कानूनों को शामिल किया गया है। सोमवार से लागू नये कानूनों के तहत सिटी थाने में बीती रात मारपीट का एक मामला दर्ज किया गया है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार फरियादी जीवनलाल कुशवाहा की शिकायत पर कुछ आरोपियों के खिलाफ नये कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता कानून के तहत बीती रात में जीवनलाल कुशवाहा की शिकायत में अनिमेश शुक्ला, सुनील एवं उनके अन्य साथियों खिलाफ नये कानून के तहत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी जीवनलाल कुशवाहा बीती रात लक्कडगंज स्थित चाय की दुकान पर चाय पी रहा था। उसी दौरान आरोपी अनिमेश शुक्ला, सुनील एवं उनके अन्य साथियों ने किसी बात को लेकर गाली गलौज के साथ मारपीट की।फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296,115(2),351(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया।

### 420 अब 316

आमबोल चाल की भाषा में कई दफे धारा 420 जिक्र आमजनों द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन यह धारा अब 316 कहलाएंगी। वहीं अब हत्या की धारा 302 को नए कानून में संसोधित कर 101 कर दिया गया है। हत्या का प्रयास 307 अब 109 और दुष्कर्म की धारा 376 अब धारा 63 कहलाएगी।

---

# धान रोपाई के दौरान युवती को करंट लगने से हुई मौत, मामला दर्ज

## पेड़ काटने के दौरान बिजली का तार गिरा जमीन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



खेतों में धान रोपाई का काम शुरू हो गया है गरीब परिवार के लोग धान रोपाई करने मजदूरी से जा रहे हैं। शनिचरा बाजार कहार मोहल्ला की रजनी कहार पिता मधु कहार उम्र लगभग 17 वर्ष अन्य मजदूरों के धान रोपाई करने गई थी धन लगा रही थी। तभी बिजली का तार गिरने से उसे करंट लगा और उसकी मौत हो गई वही साथ के मजदूरों ने बताया हम लोग राधेश्याम मेहरा के खेत में धान लगा रहे थे।

शैतान गौर पेड़ की डाली काट रहा था हम उसे मना भी कर रहे थे की लाइन में से चिंगारी निकल रही है पेड़ मत काटो वह नहीं माना उस ने डाली काटी जो बिजली की लाइन पर गिरी और तार टूट गया। जिससे करंट फैल गया रजनी की तुरंत मौत हो गई। बाकी लोगों को भी हाथ पैर में झुनझुनी जैसी आई करंट लगा रजनी के परिवार और रिश्तेदारों ने थाने में जमा होकर पेड़ काटने वाले को जिम्मेदार बताया और कार्रवाई करने की मांग की टीआई राजपाल जादौन ने बताया मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

# शिक्षक संघ पूर्व जिला उपाध्यक्ष मालवीय की सेवानिवृत्ति पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम मरकाढाना में पदस्थ शिक्षक राजेंद्र मालवीय का सेवानिवृत्ति समारोह नगर के एक निजी गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के बीआरसीसी, बीएसी एवं शिक्षक संघ के पदाधिकारी, एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। विभिन्न वक्ताओं ने एवं श्री मालवीय के साथ पदस्थ रहे शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में उनके कुशल कार्यकाल के बारे में बताया। मंचीय कार्यक्रम के बाद सभी को भोजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में महेश रघुवंशी तहसील अध्यक्ष, श्री मैहर संरक्षक, उमेश श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष, मनीष जैन, के एल विश्वकर्मा, तरवर सिंह पटेल, उमेश पटेल, मालक पटेल, कोमल सिंह रघुवंशी, सुमन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### संजय वर्मा लायंस क्लब अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे



माखन नगर। लायंस क्लब के नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है जिसमें नगर के सर्राफा व्यवसाय संजय वर्मा 1 जुलाई से लायंस क्लब इंटरनेशनल माखन नगर के अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। सचिन उल्लास पाटनी, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी कोषाधायच राजेश मीणा होंगे संजय वर्मा ने बतलाया कि इस वर्ष हमारा में एजेंडा पौधरोपण होगा जो इस माह जुलाई में बृहद स्तर पर व पौधरोपण किया जाएगा।

---

# अग्रवाल सेवा समिति ने किया मेधावी विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




स्थानीय अग्रवाल भवन में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा स्थानीय सभी स्कूलों के कक्षा 12वीं एवं 10वीं के मेघावी विद्यार्थी जिनके सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ऐसे छात्रों का सम्मान किया गया। जिसमें विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नपा अध्यक्ष रितेश जैन, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं समिति के सदस्य प्रदीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आलोक मोदी, सुभाष अग्रवाल, मनीष मोदी, बसंत अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रकाश मोदी, गिरिराज अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज के ट्रस्टी कैलाश चंद्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल एवं सभी प्राचार्य व अभिभावक उपस्थित होकर इस कार्य को संपन्न कराया अग्रवाल सेवा समिति की ओर से सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# किसानों ने की मूंग खरीदी सीमा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी




बनखेड़ी क्षेत्र के किसानों ने तहसील कार्यालय में एकत्रित होकर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी को 6 किंवटल प्रति एकड़ के हिसाब से बढ़ाए जाने की मांग की ,किसानों ने मांग की है कि समिति में डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए और लगातार अघोषित बिजली कटौती को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए, क्योंकि वर्तमान में किसानों की धान रोपाई का कार्य चल रहा है किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में एकत्रित होकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया, ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र भार्गव, ओम प्रकाश स्वामी, चंद्रभान सिंह, मलखान पटेल निर्भय सिंह, हेमराज पटेल एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

# सरकार ने लागू किया नवीन कानून महिला एवं बच्चों को मिलेगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश सरकार एवं गृह मंत्रालय के निर्देश अनुसार भारतीय न्याय संहीता लागू कर दी गई है। जिसमें महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है स्टेशन रोड थाना प्रभारी मंगलवार थाना प्रभारी एवं पुलिस एसडीओपी मोहित यादव के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता उषा कार्यकर्ता को बताया गया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश अनुसार नवीन कानून भारतीय न्याय संहीता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहीता भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी एवं आम नागरिक कब पहुंचाने हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पुलिस एसडीओपी मोहित यादव के द्वारा की गई जिसमें सभी थाना प्रभारी शामिल हुए वहीं पर एसडीओपी ने बताया कि नया कानून आमजन के जीवन में किस प्रकार से मददगार साबित होगा अपराधियों को शायद लाने में कारगर साबित होंगे महिलाओं और बच्चों के लिए बताया गया की विशेष प्रावधान किया गया है अपराधों के लिए सख्त सजा के प्रावधान किए गए हैं।

---

## 38 वर्षों शिक्षा विभाग में सेवाएं प्रदान कर चुकी हैं प्राचार्य

# वाधवा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी के सबसे बड़े शासकीय विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जो कि वर्तमान में सी एम राइज विद्यालय हो गया है उसमें बतौर संकुल प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहीं, सुनीता वाधवा अपने शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुई , विदाई सेवानिवृत्ति समारोह में उपस्थित लोगों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वाधवा वर्तमान में सहायक संचालक पद से सेवानिवृत हुई है उन्होंने सहायक संचालक पद के पूर्व करीब 10 वर्ष तक विभाग में शिक्षा विभाग को अपनी सेवाएं दी, उन्होंने शिक्षा विभाग में 38 वर्ष अपनी सेवा में प्रदान की, वाधवा शिक्षा विभाग के अधिकारी होने के साथ-साथ बनखेड़ी के गायत्री परिवार की सक्रिय सदस्य रही और समय-समय पर गायत्री परिवार की विभिन्न यज्ञ पूजन और कार्यक्रमों में हमेशा अग्रणी रही, वाधवा का बनखेड़ी के लोगों से भी बेहद जुड़ाव रहा उनका सहज एवं सरल स्वभाव ही कारण है कि वह लोगों में लोकप्रिय रही, सेवानिवृत्ति कार्यक्रम समारोह टैगोर विद्यालय द्वारा आयोजित किया गया, इस अवसर पर शिक्षा विभाग के शिक्षक गण ,नगर के गणमान्य नागरिक और गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु बड़कुल, सीएम राइस प्राचार्य जगदीश मेहर, नीरज पचौरी प्रधानपाठक , विनेश शर्मा प्रधानपाठक समस्त स्टाफ टैगोर स्कूल एवं विकासखंड के समस्त प्राचार्य शामिल हुए । संस्था के पूर्व छात्र अनिल राय जबलपुर, पुरुषोत्तम मिश्रा जबलपुर शामिल हुए ।

**शहर के गणमान्यजनों की उपस्थिति में होगा शुभ विवाह**

# वृंदावन गार्डन में आज उर्मिला लेंगी शुभम संग सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुस्कान संस्था में करीब 8 वर्ष की उम्र में आकर यहीं पली-बढ़ी उर्मिला की शादी मंगलवार को भोपाल के शुभम राठौर से होगी। सोमवार यहां माता पूजन व हल्की का कार्यक्रम था। करीब 8 वर्ष की एक बच्ची, जिसे अपने जैविक माता-पिता के विषय में जानकारी नहीं है, मुस्कान संस्था में पली-बढ़ी-पढ़ी और अब बालिग हो गयी है। जैविक माता-पिता न सही, पालक परिजन बनकर पार्षद एवं सभापति अमृता और मनीष सिंह ठाकुर उसके हाथ पीले कर रहे हैं। उर्मिला, जिसे प्यार का नाम दिया है सिया। उसका जीवन साथी भोपाल में मिला, शुभम सिंह राठौर। 2 जुलाई को समाज को साक्षी बनाकर इन दोनों का विवाह वृंदावन गार्डन में दोपहर 12:30 से 3 बजे के मध्य संपन्न होगा।

पिछले दिनों विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा, एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान और टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने सगाई के वक्त वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया था। मुस्कान संस्था की यह लाड़ली बेटी अब अपने घर चली जाएगी और इसके लिए संस्था के विक्रम सिंह, बालिका गृह की अधीक्षक ऋतु राजपूत, शक्ति सदन महिला गृह की अधीक्षक विशाखा अंजीकर, पूजा गौर विवाह की तैयारी में जोर-शोर से लगे हैं। उर्मिला और शुभम के नव जीवन में प्रवेश के क्षणों को गायत्री परिवार मंत्रोच्चार से सुखद बनायेगा और आशीर्वाद देने और इनके जीवन के इस महत्वपूर्ण क्षणों के साक्षी बनने शहर को आमंत्रित किया है।

### आज से इटारसी में 3 शव वाहन उपलब्ध हो जाएंगे

इटारसी। मंगलवार से इटारसी शहर में तीन शव वाहन उपलब्ध रहेंगे। तीसरा शव वाहन नगर पालिका के पास आ गया है, जो मंगलवार से उपलब्ध हो जाएगा। सांसद विवेक तन्खा की सांसद निधि से यह वाहन नगर पालिका को मिला है। शहर में सिंधी समाज और नगर पालिका से एक-एक शव वाहन पहले से ही उपलब्ध हैं, अब इनकी संख्या तीन हो जाएगी। राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा एवं नगर पालिका निधि से निर्मित स्वर्ग रथ शव वाहन मंगलवार से सेवा हेतु उपलब्ध हो जाएगा। शांतिधाम शमशान घाट जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मोहन खंडेलवाल, सचिव रविकिशोर जायसवाल, कोषाध्यक्ष दीपक जीडी अग्रवाल एवं सदस्य कार्यकारी प्रमोद पगारे ने राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तंखा, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश के साहू का आभार व्यक्त किया है। राज्य सभा सांसद विकास निधि एवं नगर पालिका निधि से शव वाहन निर्मित किया गया है, जो मंगलवार से सेवा के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीईओ जनपद पंचायत हरदा पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया

**हरदा।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को चिन्हित सेवाएं निर्धारित समय सीमा में देने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत सेवाओं को समय सीमा में न देने पर दोषी अधिकारी पर अर्थदण्ड लगाने का प्रावधान किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा बलवान सिंह मवासे द्वारा 2 आवेदन पत्रों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में नहीं किया गया। कलेक्टर आदित्य सिंह ने इन आवेदकों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध न कराने के मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री मवासे पर कुल 5 हजार रूपये एकमुश्त शास्ति अधिरोपित की है। श्री मवासे को यह राशि सात दिवस की समय सीमा में चालान द्वारा जमा कराने के निर्देश दिये गये है। इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह ने लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं से संबंधित आवेदन पर समय सीमा के बाद सेवाएं प्रदान करने पर नायब तहसीलदार हंडियाए नायब तहसीलदार टिमरनीए तहसीलदार रहटगांव व तहसीलदार टिमरनी को चेतावनी जारी की है।

### शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने के आदेश

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने अलग.अलग 3 प्रकरणों में शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने के आदेश सोमवार को जारी किये है। जारी आदेश में जप्त की गई शराब को नष्ट करने के निर्देश भी दिये गये है। मदिरा नष्टीकरण की कार्यवाही नष्टीकरण समिति के समक्ष की जाएगी।

### अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना



**सीहोर।** बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में सोमवार को दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। 100 सदस्यीय मंडल के अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में रवाना होगा। श्री यादव के मुताबिक सोमवार को श्रद्धालु शहर के रेलवे स्टेशन से मालवा ट्रेन से रवाना हुए। वे पहलगांव चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि विगत 11 सालों से मंडल के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। इस मौके पर जिला संस्कार मंच सहित अन्य संगठनों के द्वारा सोमवार को बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे का स्वागत किया।

### डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग

**सीहोर।** मध्य प्रदेश विसबल परिवार की लगातार एक साल से चली आ रही एसएएफ से डीफ स्थानांतरण नीति लागू करने के लिए सरकार के द्वारा अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया गया। इसमें तात्कालिक शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव वर्तमान मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पी नोट सीट जारी की गई थी। फिर भी उनके द्वारा कोई भी निर्णय नहीं लिया गया। अपने परिवार से दूर रहने के कारण हमेशा मानसिक तनाव में रहने के कारण कई लोगों के परिवार टूट गए हैं एवं कई लोगों के द्वारा आत्महत्या भी की गई है। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराने के बाद भी, स्थानांतरण नीति को लागू नहीं किया गया है।

---

### देश के विकास के साथ जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे: राजस्व मंत्री

# 'कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिले के ग्राम कुलांस कला में ग्राम वासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बातसुनी।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिहं चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है तथा पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे यह दायित्व सौंपा है कि, मैं किसानों के कल्याण के लिए कार्य करूं। जो कि मैं पूरी लगन से करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्य पहले से ही चल रहे हैं, आगे भी किसानों के हित में कई फैसले किए जाएगें। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाना है और लागत कम करना है, इसके लिए नई किस्म के अधिक उत्पादन करने वाले बीज तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का सही दाम मिले इसके लिए एमएसपी बढ़ाई जा रही है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी लाड़ली बहनों को लखपति बनाने का दायित्व भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुझे सौंपा है। उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से बहनों को अलग-अलग कामों की ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वह स्वयं का कार्य शुरू कर सकेंगी। इसके लिए उन्हें सरकार द्वारा बैंक से धनराशि दी जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पहली केबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया है, कि गरीबों के लिए दो करोड़ आवास और बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वयं एवं धरती को बचाने के लिए हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी से एक पेड़ मां के नाम लागाने का आवाह्न किया है। उन्होंने कहा कि अपने देश, राज्य, गांव को नशामुक्त बनाने एवं स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार आम नागरिकों की हर क्षेत्र में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के साथ ही जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

#### यह थे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, सीहोर जनपद अध्यक्ष नवड़ी बाई, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अनेक शासकीय सेवक मौजूद रहे।

---

### विभागीय कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

## जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा कारण बताओ नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण सिंह एवं सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन हितग्राहियों के दस्तावेजों के अभाव में योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैए संबंधित अधिकारी से सम्पर्क कर उनके दस्तावेज तैयार कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देशित किया दस्तक अभियान के तहत प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होने निर्देशित किया कि गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग को भी शामिल कर शिविर लगायें। उन्होने निर्देशित किया कि सर्वे के दौरान पाये गये कुपोषित बच्चों को विभागों के सहयोग से पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराएं। जिले में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की जांच कर कारणों का पता लगायें। उमंग स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होने निर्देशित किया कि सभी छात्रावासों के बच्चों के हेल्थ चेकअप नियमित रूप से करें। बैठक में उन्होने मौसम को ध्यान में रखते हुए मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम व विश्व जनसंख्या दिवस के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने रोगी कल्याण समिति के आय व्यय की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष विभाग की 1 जनवरी से 31 मई की अवधि में अप्रेल माह में कोई गतिविधि न होने व समन्वयक विभागों से समन्वय स्थापित न करने पर जिला आयुष अधिकारी डॉण अनिल वर्मा कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने आयुष गतिविधियों के आयोजन के लिये सभी समन्वयक विभागों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये।

---

## भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा स्थानीय जगन्नाथ मंदिरए नरसिंह वार्ड से 7 जुलाई रविवार को बहुत धूमधाम से निकाली जाएगी। इसके लिए जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा के प्रणेता स्वण पंडित किरण दुबे को श्रंद्धाजलि देने के पश्चात पंडित अनमोल दुबे के सानिध्य में एक बैठक संपन्न हुई।

जिसमें रथयात्रा महोत्सव को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए रथयात्रा समिति के अध्यक्ष पूर्व कृषि मंत्री कमलपटेल के निर्देशानुसार विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया। निर्णय लेकर समिति के सदस्यों को विभिन्न प्रभार सौंपे गए। रथ यात्रा मंदिर से निकलकर घंटाघर चौराहाए चांडक चौराहाए टांक चौराहा जैसानी चौक गढीपूरा और नारमदेव धर्मशाला होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। तत्पश्चात भगवान की संगीतमय आरती होगी और प्रसाद वितरण किया जावेगा। रथ यात्रा उत्सव समिति ने शहर और आसपास के गांवों के सभी धर्मप्रेमी लोगों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रथयात्रा महोत्सव को सफल बनाएं।मीटिंग में देवीसिंह सांखलाए जयकृष्ण चांडकए पार्षद प्रदीप सोनीए सुयोग सोनीए कन्हैयालाल कुशवाहए संजय तापड़ियाए उमेश तापडियाए सचिन उपाध्यायए गणेश चंद्रवंशी और समिति के अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।



## कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

**बुरहानपुर।** मप्र में नर्सिंग कॉलेज की मान्यता को लेकर हुए घोटाले के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को हर जिले में विरोध प्रदर्शन किया। बुरहानपुर में भी जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी कर अफसरों को ज्ञापन सौंपा। दोषियों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की गई। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रिंकू टाक ने कहा- नर्सिंग कॉलेज की मान्यता को लेकर बड़ा घोटाला हुआ है। ऐसा कर विद्यार्थियां के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। ऐसे में प्रदेश में लाखों विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लग गया है। नर्सिंग घोटाले में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के कार्यकाल की घटनाएं उजागर हुई है। जिसके लिए वह सीधे जिम्मेदार हैं। इसमें अफसरों की भी संलिप्तता की जंच होना चाहिए।

## सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सभी अधिकारी 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ष्एक पौधा माँ के नामष अभियान के तहत पौधरोपण की तैयारी करने के निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य अनुसार पौधरोपण की कार्ययोजना बनाकर उसी के अनुसार कार्य करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी सीएम मॉनिटरिंग की शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में ही आवेदन की पात्रता अनुसार उसकी समस्या का निराकरण करने का प्रयास करें। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देशित किया कि अधिकारी माह में कम से कम 2 बार छात्रावासों का निरीक्षण करें। उन्होने बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री संजय त्रिपाठी को निर्देशित किया कि जिले में मॉडल आंगनवाड़ी केन्द्र विकसित किये जायें। उन्होने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल बसों का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार कराएं। उन्होने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देश अनुसार प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।



---

## पहले कार्य दिवस की शुरुआत वंदेमातरम से हुई



**हरदा।** हर माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत सभी शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत ष्वंदेमातरमष्ठ गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में डिप्टी कलेक्टर अशोक डेहरिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन

**हरदा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सोमवार को भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पांच घण्टे कृषि उपज मंडी में धरना देकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद जिले भर की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कलेक्टर पहुंचकर अपनी मांगों को पूरा करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संघ की जिलाध्यक्ष अर्चना गौर ने कहाए शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। लेकिन उनकी कुछ समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। जिसे शासन स्तर से जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। यदि समस्याओं का निराकरण नहीं होता तो सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाएं उग्र आंदोलन करेंगी। ज्ञापन सौंपते समय भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुकेश निकुमए जिला सहमंत्री प्रबल पवारए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ हरदा की जिला अध्यक्ष अर्चना गौर एवं जिला मंत्री रजनी छलोत्रे एवं अन्य पदाधिकारी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए सहायिका एवं मिनी कार्यकर्ता उपस्थित रही।



## किसान संघ ने मूंग खरीदी की मात्रा को बढ़ाने की मांग



**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव के किसानों ने अनेक समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी को ज्ञापन दिया। जिसमें जिले में शासन द्वारा वर्तमान में जो ग्रीष्मकालीन मूंग की समर्थन मूल्य की खरीदी की नीति जारी की गई हैए उसका विरोध किया है। कहा कि गत वर्ष प्रति हेक्टेयर 16 क्विंटल खरीदी की गई थी वही नई नीति 2024 25 में इसे घटाकर 8 कुंतल प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है। इसे बढ़ाकर 16 कुंतल प्रति हेक्टेयर किया जावे। किसानों की फसल का तोल बड़े प्लेट कांटे से किया जावेए प्रत्येक किसान से 25 कुंटल प्रति दिन खरीदे को बढ़ाकर 40 कुंटल प्रतिदिन खरीदी की जाए। जिससे किसानों को अतिरिक्त खर्च में भी बचत होगी इसी दौरान रहटगांव तहसील के सभी सदस्य एवं सभी ग्राम इकाई अध्यक्ष मंत्री एवं पदाधिकारी संभाग सदस्य सभी लोग मौजूद रहे।

---

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

## नर्सिंग घोटाले के विरोध में उतरी जिला कांग्रेस, विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

**नर्सिंग घोटाले एवं पेपर लीक घोटालों को लेकर युवाओं को न्याय दिलाने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी हरदा द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय से नारायण टाकिज चौक तक रैली निकाली एवं चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।**

उक्त प्रदर्शन में हाथों मे तख्तियां लेकर नर्सिंग घोटाले के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की तत्पश्चात कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय मे डिप्टी कलेक्टर डेहरिया को सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधी बड़ा घोटाला हुआ है। जिसमें अस्तित्वहीन नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता एवं नर्सिंग कॉलेज से संबंधित छात्र.छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किए जाने की घटना विस्तृत रूप से उजागर हुई है। प्रदेश के लाखों छात्र.छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। नर्सिंग घोटाले में प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के कार्यकाल की घटनाएं उजागर हुई है। जिसके लिए मंत्री श्री सारंग सीधे सीधे जिम्मेदार हैए लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि मंत्री श्री विश्वास सारंग आज भी अपने पद पर काबिज है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत टालेए ने कहा कि नर्सिंग कॉलेज घोटाला छात्र.छात्राओं के भविष्य के अंधकारमय करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियोंए कर्मचारियों की संलिप्तता उजागर हो रही है।

कांग्रेसजनों ने मांग की हैं कि प्रदेश के चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर जांच कार्यवाही कराई जाए एवं मंत्री विश्वास सारंग को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त किया जावे ताकि नर्सिंग छात्रों को न्याय मिले। इस दौरान विजय सुरमाए इकबाल अहमदए आदित्य गार्गवए गगन अग्रवालए संजय अग्रवालए राघवेंद्र पारेए अमर रोचलानीए आमिर पटेलए गोविंद व्यासए हरीश गुप्ताए मोहन साईए राकेश सुरमाए मदन गौरए संजय पांडेय सहित दर्जनों की संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद रहें।

## बैरियर पर सन्नाटा पसरा देखा तो पता चला आज से टैक्स अदा नहीं करना है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

मप्र में आज से आरटीओ चेक पोस्ट बंद हो गई है। बुरहानपुर जिले में इंदौर इच्छापुर हाईवे स्थित जांच चौकी जिसे भोटा बैरियर कहा जाता है बंद हो गई है। यह महाराष्ट्र की सीमा से लगी हुई है। यहां सोमवार दोपहर 1 बजे पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। खास बात यह है कि जब यहां ट्रक चालक पहुंचे तो कईंयों को यह बात मालूम नहीं थी कि जांच चौकी बंद हो गई है। पहले यहां वाहनों की लंबी कतार लगी नजर आती थी, लेकिन आज सन्नाटा पसरा हुआ था। बैरियर पर हर वाहन चालक को हुआ 700-900 रूपए तक टैक्स चुकाना पड़ता था।

#### बोले, सरकार ने बहुत अच्छा निर्णय लिया, पैसा और समय बचा

ट्रक लेकर पुणे से भोपाल जा रहे वाहन चालक मुकेश ने कहा हमें मालूम नहीं था कि आज से टैक्स अदा नहीं करना है। यहां आए तो पता चला। बहुत खुशी हो रही है। सरकार ने यह अच्छा निर्णय लिया है। इधर सरकार के आदेश के बाद एक दिन पहले से ही बैरियर का सामान समेटना शुरू कर दिया गया था। सोमवार को यहां न कोई अधिकारी थे न कर्मचारी। चेकपोस्ट की सारी खिड़कियां बंद थी। पहले दिन होमगार्ड की नई व्यवस्था अभी लागू नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि आज भोपाल स्तर से लिखित आदेश पहुंचने के बाद मोबाइल सर्विसेस की कार्रवाई होगी। किसी भी वाहन चालक को रोका नहीं गया। सारे वाहन बेरोक टोक आते जाते रहे। इसे लेकर परिवहन उप निरीक्षक भोटा बैरियर पंकज जैन ने कहा- 30 जून रात 12 बजे से परिवहन चौकी बंद करने को कहा गया था। रात में ही इसे बंद कर दिया गया। परिवहन मंत्री और विभाग के आगामी आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।